# प्रसार भारती

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.08.2024 19:45बजे

### ''आज के मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा—कर्मचारियों की सभी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी सरकार।
- उप—मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा—सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा संबंधी निगरानी के लिए लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोगों से साझा करेंगे विचार।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर का आरोप—कांग्रेस सरकार के जनविरोधी फैसलों से प्रदेश की जनता परेशान।

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के सभी अधिकारी व कर्मचारी उनके परिवार के सदस्य हैं और उनकी सभी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। शिमला में आज विभिन्न अराजपत्रित कर्मचारी व शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से भेंट की और उन्हें अपनी मांगों से अवगत करवाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते और एरियर जारी करने के मांग के संबंध में कहा कि वे एक माह के भीतर राज्य की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करेंगे। उन्होंने सितंबर माह के अंत में कर्मचारी संगठनों के साथ फिर से बैठक करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों को मंहगाई भत्ता व अन्य लाभ जारी करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश की वित्तीय स्थिति में सुधार के साथ ही कर्मचारियों

को सभी लाभ जारी कर दिए जाएंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के राजस्व संसाधानों को बढ़ाने के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते की किश्तों पर रोक लगा दी थी, जबकि वर्तमान सरकार ने कर्मचारियों को सात प्रतिशत मंहगाई भत्ता जारी किया है। इसके अलावा 75 वर्ष से अधिक आयु के पैंशनरों को एक साथ एरियर का भुगतान किया जा रहा है।

**मुख्यमंत्री–2**

मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि सभी वेतन विसंगतियों को दूर किया जाएगा और खाली पदों पर भी जल्द भर्ती की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों से प्रदेशवासियों के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से जल्द संयुक्त परामर्श समिति की बैठक करवाने का आग्रह किया और पुरानी पैंशन बहाल करने के लिए उनका आभार भी जताया।

**अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों विशेष कर पांवटा साहिब से ऊना तक सड़क सुरक्षा संबंधी अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखने के उद्देश्य से चरणबद्ध तरीके से सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाए जाएंगे ताकि सड़क सुरक्षा की दृष्टि से समीवर्ती क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों को रोका जा सके। शिमला में आज हिमाचल परिवहन विकास व सड़क सुरक्षा परिषद की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। मुकेश अग्निहोत्री ने सड़क सुरक्षा के तहत चल रहे विभिन्न कार्यों को समयबद्ध से पूरा करने और इनकी नियमित तौर पर निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिमला शहर में ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के उद्देश्य से 'नो हॉर्न' अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिला के रिकांगपिओ में आज जिला कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित दो दिवसीय रेडक्रॉस मेले का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ज़िला रेडक्रॉस संस्था जरूरतमंदों व उपेक्षित वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बाद में राजस्व मंत्री ने कल्पा में रेडक्रॉस मेले के दौरान आयोजित मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस मैराथन दौड़ को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाना है और युवाओं में खेलों के प्रति सकारात्मक भाव उत्पन्न करना है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि कल्पा में जल्द ही राष्ट्रीय स्तर की मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा, ताकि स्थानीय युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों पर समन्वय के साथ सकारात्मक दिशा में कार्य करेगी। कुल्लू ज़िला के निरमंड में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वे प्रदेश के हर कर्मचारी का सम्मान करते हैं और राज्य के विकास में कर्मचारियों की अहम भूमिका है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा बागीपुल, केदस और कोयल में वैली–ब्रिज रिकॉर्ड 14 दिन के भीतर तैयार कर दिए गए हैं, जिससे हाल ही में आई आपदा के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। इस बीच लोक निर्माण मंत्री ने शिमला जिला के रामपुर में बुशहर बॉक्सिंग कल्ब द्वारा बॉक्सिंग में राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और अपने आस पास के लोगों को भी नशे से दूर रखने की अपील की।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह 113वीं कडी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी प्रादेशिक भाषाओं में भी इसका प्रसारण करेगा।

## अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार के जन विरोधी फैसलों से जनता तंग आ चुकी है और कांग्रेस की नीतियों व नीयत ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनावों के दौरान प्रदेश की जनता को झूठी गारंटियां देकर सत्ता हासिल की और अब लोगों पर आए दिन महंगाई का बोझ बढ़ाया जा रहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार का अब तक का कार्यकाल अराजकता, अहंकार व अन्याय भरा रहा है और मात्र डेढ़ साल में 25 हजार करोड़ रुपये का कर्ज लेकर प्रदेश पर कर्ज का बोझ 95 हजार करोड़ तक पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने अब तक के कार्यकाल के दौरान केवल भाजपा द्वारा शुरू की गई जनहित योजनाओं सहित अन्य सुविधाओं को बंद करने का काम किया है।

## यादविंद्र गोमा

आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा है कि आयुर्वेद उपचार की सबसे प्राचीनतम पद्धति है और पूरा विश्व इसे उपचार के लिए अपना रहा है। उन्होंने आज जयसिंहपुर क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालकरूपी में राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान अश्वगंधा का

पौधा रोपित किया और लोगों को भी पौधे वितरित किए। यादविंद्र गोमा ने कहा कि लोगों को अश्वगंधा के औषधीय गुणों, महत्व और लाभ के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदेश भर में आयुर्वेदिक उपमंडल कार्यालयों के स्तर पर राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस जागरूकता अभियान को आयुर्वेदिक स्वास्थ्य उपकेंद्र स्तर तक चलाया जाएगा।

## राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि कर्मचारी सरकार का अभिन्न अंग है और वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों के हितों में समय–समय पर अनेक कल्याणकारी निर्णय लिए गए हैं। शिमला में आज उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के साथ खड़ी है और उनकी महंगाई भत्ते और एरियर की मांग को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। राजेश धर्माणी ने कहा कि कर्मचारी वर्ग प्रदेश की अर्थव्यवस्था से भली–भांति परिचित हैं और पूर्व भाजपा सरकार के कुप्रबंधन के फलस्वरूप वर्तमान सरकार को 75 हजार करोड़ रुपये का कर्ज व 10 हजार करोड़ रुपये की बकाया देनदारियां विरासत में मिली है। उन्होंने कहा कि वित्तीय चुनौतियों के बावजूद राज्य सरकार प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है, जिसके लिए कर्मचारियों का सहयोग भी अपेक्षित है।

## यूनिटी मॉल

प्रदेश सरकार ने कांगड़ा जिला में धर्मशाला के निकट ढगवार गांव में निर्मित होने वाले यूनिटी मॉल को स्वीकृति प्रदान कर दी है। एक सरकारी प्रवक्ता ने आज शिमला में बताया कि भारत सरकार ने पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना शुरू की है और यूनिटी मॉल के निर्माण के लिए संशोधित दिशा–निर्देश भी जारी किए हैं। इस योजना के अन्तर्गत यूनिटी मॉल वन स्टॉप बाजार की तरह कार्य करेंगे। भारत सरकार के उद्योग संवर्धन और आतंरिक व्यापार विभाग ने प्रदेश में यूनिटी मॉल के निर्माण के लिए एक सौ

32 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने प्रदेश के योजना विभाग को 66 करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी कर दी है।

**<u>राजीव बिंदल</u>**

भाजपा का राष्ट्रव्यापी संगठन महापर्व सदस्यता अभियान देश सहित प्रदेश में भी चलाया जाएगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने सदस्यता अभियान को लेकर आज सोलन में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की और सभी को इस राष्ट्रव्यापी अभियान को सार्थक बनाने के लिए उचित दिशा निर्देश दिए। राजीव बिंदल ने बताया कि भाजपा अपने इस संगठानतमक राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान में नए सदस्यों को जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पोलिंग बूथ पर दो सौ नए सदस्य जोडे जाएंगे और इस अभियान के तहत आगामी दिनों में कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जायेंगे।

**<u>मुख्य समाचार एक बार फिर</u>**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–कर्मचारियों की सभी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी सरकार।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा संबंधी निगरानी के लिए लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोगों से साझा करेंगे विचार।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर का आरोप–कांग्रेस सरकार के जनविरोधी फैसलों से प्रदेश की जनता परेशान।

———————————————